प्रेस विज्ञप्ति
(सं. 2017–18/649)

जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 23.03.18

अजमेर–आगरा फोर्ट–अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (प्रतिदिन) नई रेलेसवा का संचालन
वाया फुलेरा, जयपुर, दौसा, भरतपुर होगी संचालित
जयपुर–आगरा फोर्ट–जयपुर शताब्दी के बंद होने से यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु अजमेर–आगरा फोर्ट–अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रतिदिन नई रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 22987, अजमेर–आगरा फोर्ट सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 01.05.18 से अजमेर से प्रतिदिन 06.00 बजे रवाना होकर 12.25 बजे आगरा फोर्ट पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22988, आगरा फोर्ट–अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 01.05.18 से आगरा फोर्ट से प्रतिदिन 14.25 बजे रवाना होकर 21.10 बजे अजमेर पहुंचेगी।

जयपुर–आगरा फोर्ट–जयपुर शताब्दी एक्सप्रेस का संचालन दिनांक 01.05.18 से बंद होने के कारण आगरा के लिये यात्रा करने यात्रियों के लिये यह रेलसेवा उपलब्ध होगी। जयपुर से आगरा के लिये यात्रा करने वाले यात्रियों के अतिरिक्त अजमेर तथा फुलेरा के यात्री भी इससे लाभान्वित होगें। इस रेलसेवा में 01वातानुकूलित कुर्सीयान के अतिरिक्त 08 द्वितीय कुर्सीयान, 02 साधारण श्रेणी डिब्बें होगे, जिनमें शताब्दी की तुलना में किराया भी कम होगा तथा इस रेलसेवा का समय भी जयपुर और अजमेर के यात्रियों के लिये आने और जाने के उपयुक्त रहेगा।

रेलसेवा की समय–सारणी निम्नानुसार होगी:–

22987, अजमेर–आगरा फोर्ट प्रतिदिन सुपरफास्ट एक्सप्रेस		स्टेशन	22988, आगरा फोर्ट–अजमेर प्रतिदिन सुपरफास्ट एक्सप्रेस	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
–	06.00	अजमेर	21.10	––
07.08	07.10	फुलेरा	19.42	19.44
08.05	08.10	जयपुर	18.55	19.00
08.20	08.22	गांधीनगर	18.33	18.35
09.07	09.09	दौसा	17.49	17.51

10.18	10.20	खेडली	16.10	16.12
10.58	11.00	भरतपुर	15.25	15.27
12.25	**–**	**आगरा फोर्ट**	**–**	**14.25**

इस रेलसेवा में 01 वातानुकूलित कुर्सीयान, 08 द्वितीय कुर्सीयान, 02 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 13 डिब्बें होगें।

वरि. जन सम्पर्क अधिकारी
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक एवं ट्वीटर पेज /NWRailways पर भी अवलोकन कर सकते है।